प्रेषक,

**आलोक रंजन,**
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश, शासन

सेवा में,

1. **समस्त मण्डलायुक्त,** उत्तर प्रदेश ।
2. **समस्त जिलाधिकारी,** उत्तर प्रदेश ।

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ :: दिनांक- 20 अप्रैल, 2016

**विषय:-खुरपका मुँहपका रोग नियंत्रण (एफ0एम0डी0-सी0पी0) कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

भारत सरकार के सहयोग से प्रदेश के सभी जनपदों में खुरपका मुँहपका रोग नियंत्रण (एफ0एम0डी0सी0पी0) कार्यक्रम का 18वाँ चरण मार्च, 2016 के तृतीय सप्ताह से प्रारम्भ हो चुका है। इस संबंध में पत्र संख्या-756/सैंतीस-2-2016'30(95)/2015, दिनांक-17 मार्च, 2016 एवं पत्र संख्या-33/2016/756(2)/सैंतीस-2-2016-30(95)/2015, दिनांक-06.04.2016 द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये हैं । पत्र दिनांक-17.03.2016 द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि संदर्भगत कार्यक्रम के दौरान तकनीकी रूप से दक्ष/पर्याप्त कार्मिकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु पशुपालन विभाग के कार्मिकों को अन्य ड्यूटी से मुक्त रखा जाय, किन्तु यह देखा जा रहा है कि अधिकांश जनपदों में इसका अनुपालन न कर पशुपालन विभाग के मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों/अन्य पशु चिकित्साविदों की ड्यूटी जनपद के कतिपय अन्य कार्यक्रमों में भी लगाई जा रही है। दिनांक-18.04.2016 को कार्यक्रम के अनुश्रवण हेतु हुई वीडियों कांफ्रेसिंग के दौरान शासन के संज्ञान में भी यह तथ्य आया है कि अधिकांश जिलाधिकारियों द्वारा इस महाअभियान के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/अन्य पशु चिकित्साविदों की ड्यूटी जनपद के अन्य कार्यक्रमों में भी लगाई जा रही है, जो उचित नही है । इससे जहॉ एक तरफ कार्यक्रम के सफल संचालन/क्रियान्वयन में अत्यन्त कठिनाई उत्पन्न हो रही है तथा माँस निर्यात प्रभावित हो रहा है वहीं दूसरी तरफ प्रदेश की छवि भी धूमिल हो रही है ।

2. अतः इस संबंध में मुझे पुनः यह कहने के निदेश हुआ है कि उक्त महत्वपूर्ण एवं व्यापक अभियान के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारियो/अन्य पशुचिकित्साविदों की ड्यूटी अन्य किसी भी कार्यक्रम में न लगाई जाय ताकि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित/क्रियान्वित किया जा सके । उक्त के अतिरिक्त अपने मण्डल/जनपद के अपर निदेशक/मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के साथ अभियान की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा कर इसे गति प्रदान करने में भी अपना विशिष्ट सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें ।

भवदीय,

( आलोक रंजन )
मुख्य सचिव।

संख्या-987(1)/सैंतीस-2-2016-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ।
2. स्टाफ आफिसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन ।
3- निदेशक (प्रशासन एवं विकास)/निदेशक (रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र) पशुपालन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
4- समस्त अपर निदेशक ग्रेड-2, (संबंधित मण्डल)/समस्त मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( रजनीश गुप्ता )
प्रमुख सचिव।